कैसे बिताईं मैंने अपनी गर्मी की छुट्टियां

How I Spent My Summer Vacation

एक विद्यार्थी एक वर्ष मेहनत करता है। जब भी वह बोर हो जाता हैं छुट्टियों की कामना करता है। वह मनोरंजन चाहता है। गर्मी की छुट्टियां उसे बहुत आनंद देती हैं। कुछ बच्चे इन छुट्टियों में अपने रिश्तेदारों के घर जाते हैं। कुछ पहाड़ी इलाकों में जाने का प्रोग्राम बनाते हैं। पिछली गर्मियों में मैं कई स्थानों पर घूमने गया।

मेरे अंकल नई दिल्ली में रहते हैं। मैंने अपनी छुट्टियां उनके साथ बिताने का फैसला किया। उनके बच्चे भी इन दिनों खाली थे। मैं शताब्दी एक्सप्रेस में दिल्ली पहँचा। मेरे भाईबहन स्टेशन पर लेने आए हुए थे। वे अपनी कार में मुझे घर लेकर गए। मेरे अंकल व आंटी मुझे देख कर बहुत खुश हुए। उन्होंने मुझे मेरे माथे पर चूमा। उनके साथ मेरा समय बहत अच्छा बीता। उन्होंने मुझे लाल किला, जामा मस्जिद तथा राष्ट्रपति भवन दिखाया। एक दिन हमने आगरा जाने का भी फैसला किया।

हम कार में बैठ कर आगरा गए। हमारा सफर बहुच अच्छा था। हम 11 बजे सुबह आगरा पहुंचे। आगरा एक प्राचीन स्थान है जो ताजमहल के कारण प्रसिद्ध है। ताजमहल सफेद पत्थर से बना है। यह शाहजहां द्वारा यमुना नदी के तट पर बनवाया गया है। यह प्रेम का प्रतीक है। कई विदेशी इसे देखने आते हैं। ताजमहल के बाद हम फतेहपुर सिकरी भी गए। दो दिन के बाद हम दिल्ली वापिस लौटे।

मैं एक हफ्ते से अधिक समय दिल्ली में रहा। इन दिनों मैंने कई फिल्में भी देखीं। एक दिन हम अपने एक पुराने मित्र से भी मिलने गए। उसने खुली बांहों से हमारा स्वागत किया। हमने पुरानी यादें ताज़ा की। हमने उसके साथ ही रात का खाना खाया। रात को काफी देर से हम घर लौटे। इस तरह एक अच्छा समय बिताने के बाद मैं रेलगाड़ी पकड़ कर सुरक्षित घर पहुँचा। इस प्रकार मैंने अपनी गर्मी की छुट्टियाँ खशी-खशी बिताईं।